पंचदश बिहार विधान सभा

अष्टम् सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-2 मंगलवार, दिनांक-19 फरवरी, 2013 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.20 बजे अपराह्न तक ।

[1] प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 04 अल्प सूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 06 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iii) 02 तारांकित प्रश्न अपृष्ठ ।

(iv) 79 तारांकित प्रश्न अनागत ।

(राजद के माननीय सदस्यगण द्वारा उनके सदस्य के संबंध में की गई टिप्पणी के मामले को उठाये जाने पर आसन द्वारा घोषणा की गई कि इस संदर्भ में माननीय नेता प्रतिपक्ष एवं माननीय संसदीय कार्य मंत्री की उपस्थिति में संबंधित कार्यवाही देख ली जायेगी ।)

[2] कार्यस्थगन :-

मा० सदस्या श्रीमती ज्योति रश्मि के कार्यस्थगन की सूचना को नियमानुकूल नहीं होने के कारण अमान्य किए जाने की घोषणा आसन द्वारा की गई ।

[3] शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i)	श्री दिनेश कुमार सिंह	(ii)	श्री प्रदीप कुमार
(iii)	डॉ० दाउद अली	(iv)	श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा
(v)	श्री कृष्णनन्दन यादव	(vi)	डॉ० रणविजय कुमार
(vii)	श्री विनोद प्रसाद यादव	(viii)	श्री अरूण शंकर प्रसाद
(ix)	श्री रामनरेश प्रसाद यादव	(x)	श्री कन्हैया कुमार
(xi)	श्री विजय कुमार सिन्हा	(xii)	श्री जनक सिंह
(xiii)	श्री दुर्गा प्रसाद सिंह	(xiv)	डॉ० इजहार अहमद

[4] <u>ध्यानाकर्षण सूचनाएँ</u>:-

(i) माननीय सदस्य श्री जनक सिंह एवं अन्य सभासदों के ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा सरकार द्वारा इसके उत्तर के लिए समय लिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य श्री मंजीत सिंह एवं अन्य सभासदों के गन्ना उद्योग विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा इसका उत्तर दिनांक 04.03.2013 तक के लिए स्थगित हुआ ।

[5] <u>सभा के समक्ष प्रतिवेदनों का रखा जाना</u> :-

माननीय उप मुख्य (वित्त) मंत्री द्वारा आर्थिक सर्वेक्षण 2012-13 की प्रति को सदन में उपस्थापित किया गया ।

(तत्पश्चात आसन द्वारा घोषणा की गई कि अभी सदन की कार्यवाही समाप्ति उपरांत कार्यमंत्रणा समिति की बैठक होगी ।)

(भोजनावकाश के बाद)

समय 2.00 बजे अप० से 5.00 बजे अप० तक ।

[6] <u>महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर वाद-विवाद</u> :-

माननीय सदस्य श्री मंजीत कुमार सिंह ने महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया तथा पक्ष रखा । मा० सदस्या श्रीमती उषा विद्यार्थी ने धन्यवाद प्रस्ताव का समर्थन करते हुए अपना पक्ष रखा ।

आसन से घोषणा की गई कि माननीय नेता प्रतिपक्ष श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी, श्री सदानन्द सिंह, स०वि०स० एवं श्री अवधेश कुमार राय, स०वि०स० द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव पर प्रस्तुत संशोधन नियमानुकूल है तथा इसे पढ़ा हुआ माना जाय ।

तदुपरांत माननीय नेता प्रतिपक्ष द्वारा अपना संशोधन प्रस्तुत करते हुए पक्ष रखा गया ।

(इस दौरान माननीय संसदीय कार्य मंत्री के प्रस्ताव पर सदन की सहमति से सदन की अवधि का विस्तार 5.00 बजे अप० तक किया गया ।)

धन्यवाद प्रस्ताव एवं संशोधन प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित मा० सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री पवन कुमार जायसवाल (ii) डॉ० अरूण कुमार (दिनांक 20.02.13 को जारी रहेगा)

आसन से घोषणा की गई कि यह वाद-विवाद कल दिनांक 20.02.2013 को जारी रहेगा ।

[7] <u>निवेदन</u> :-

आसन से घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल 06 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएँगें ।

तदुपरांत सभा की बैठक बुधवार, दिनांक 20.02.2013 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-19.02.2013

फूल झा
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।